## खबर संक्षेप

### अपराधों पर नियंत्रण एवं जनता की समस्याओं का निराकरण होगी प्राथमिकता

**कटनी।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार की दोपहर कटनी पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और कई विषयों पर बातचीत की। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण करना मेरी पहली प्राथमिकता होगा। अपराधों पर नियंत्रण एवं अपराधियों में कानून का भय हो इसके लिए सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधिकारियों को शासन ने आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए तैनात किया है। एसपी ने कहा कि मीडियाकर्मी पुलिस के सहयोगी और साथी बनें जिससे हम कटनी में भयमुक्त वातावरण तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि में जबलपुर का रहने वाला हूं और मेरे ग्रह जिले से कटनी काफी नजदीक है, हालांकि में कटनी पहली बार आया हूं और यहां आकर मुझे काफी अच्छा महसूस हो रहा है। कटनी से पहले भोपाल और इंदौर में मुझे सेवाएं करने का मौका मिला है। आज से कटनी जिले में मेरा कार्यकाल स्टार्ट हुआ है। आप सभी से अपेक्षा करूँगा कि आप लोग आम जनता की शिकायतों का निष्पक्ष तरीके से मेरे सामने लाएं। जिससे इन शिकायतों का समय रहते निराकरण किया जा सके।

### कलेक्टर ने आई-गॉट पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा बैठक के दौरान जिले के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु आई-गॉट पोर्टल पर पंजीकरण कर पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज का अध्ययन कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए हैं। आई-गॉट पोर्टल भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया मिशन कर्मयोगी के तहत एक व्यापक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है। आई-गॉट पोर्टल का मुख्य उद्देश्य भारत में सिविल सेवकों (सरकारी कर्मचारियों) की क्षमता निर्माण करना, उनके कौशल को बढ़ाना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इसका लक्ष्य एक ऐसे सक्षम और कुशल सिविल सेवा का निर्माण करना है जो प्रभावी ढंग से सार्वजनिक सेवाओं को वितरित कर सके और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार कर सके। आईजीओटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए बेवसाइट पर जाकर फसर्ट नेम, सरनेम, पोजीशन, ईमेल, सेंटर या स्टेट, मंत्रालय, विभाग एवं संस्था की फील्ड को भरें। सभी फील्ड भरने के बाद साइन अप पर क्लिक करें।

### राज्य स्तरीय सेमीनार एवं सम्मान समारोह आज

**कटनी।।** नेशनल मीडिया फाउंडेशन नई दिल्ली 53 वाँ राज्य स्तरीय सेमीनार एवं सम्मान समारोह विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को होटल अर्जुन पैलेस विश्राम बाबा रोड में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित सेमिनार के अवसर पर प्रमुख विषय प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान में मीडिया की भूमिका एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संदीप जयसवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रीति सूरी महापौर , विशेष अतिथि श्रीमती अलका जैन पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन, विशेष अतिथि दीपक सोनी टंडन जिला अध्यक्ष भाजपा होंगे कार्यक्रम अध्यक्षता राजेंद्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष नेशनल मीडिया फाउंडेशन करेंगे।नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने जानकारी मे बताया की राष्ट्रीय थीम के अनुसार सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के बड़े-बड़े वक्ता इस सेमिनार में पहुंचेंगे और अपनी बातों को रखेंगे। वही नेशनल मीडिया फाउंडेशन प्रदेश सचिव सिमरन उपाध्याय ने जानकारी मे बताया कि मीडिया, प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## जिले के नवागत एसपी के सामने होंगी कई चुनौतियां, पदभार ग्रहण करने के बाद अब होगी अग्नि परीक्षा

# बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण, उत्खनन एवं शराब के अवैध कारोबार को रोकने, पुलिस की धूमिल छवि को सुधारने की होंगी मुख्य चुनौतियां

जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को पदभार संभाला। कटनी की आबोहवा को समझने में थोड़ा समय लगेगा इसके साथ ही उनको कई तरह की चुनौतियों से भी पार पाना होगा। जिले भर में काफी समय से पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही है। ऐसे ऐसे कारनामे सामने आए जब पुलिस की छवि बेहद दागदार हुई। अभी ताजा मामला पूर्व सीएसपी ख्याति मिश्रा के मामले में पुलिस ने अपनी छवि धूमिल की। भले ही ख्याति मिश्रा का विवाद घरेलू रहा लेकिन जिस तरह से यह विवाद सड़क पर आया और पुलिस का रिएक्शन देखने मिला वह बेहद निंदनीय रहा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस की जो छवि उभरकर सामने आई उसने न केवल जिला बल्कि राजधानी तक में महकमा को निंदा का पात्र बना दिया। मामले में इतना तूल पकड़ा कि सरकार को एसपी अभिजीत रंजन का तत्काल तबादला करना पड़ा। इस मामले ने और तूल तब पकड़ लिया जब महिला थाना में पुलिस कर्मियों द्वारा कवरेज के दौरान मीडिया कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। हालांकि अभी यह मामला पूरी तरह से शांति नहीं हुआ है। यह कोई पहला मामला नहीं है जब पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली दिखाते हुए इस तरह की छीछालेदर कराई हो। पूर्व में भी ऐसे मामले हो चुके है जब पुलिस ने अपनी छवि को दागदार बना दिया।

### चोरी एवं लूट के बढ़ रहे मामले

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में पुलिस अपराधों पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। चोरी, लूट, जुआ सट्टा, अवैध उत्खनन के मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है। बदमाशों में कानून का कोई भय नजर नहीं आ रहा है। आए दिन चोरी, लूट की वारदातें हो रही है। स्लीमनाबाद, कुठला, माधवनगर थाना क्षेत्र में बीते कुछ महीनों में लूट की कई वारदातें हुई। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत बायपास में सक्रिय गिरोह द्वारा कई लोगों को शिकार बनाकर लूटपाट करने के साथ ही मारपीट कर घायल भी किये जाने के मामले सामने आ चुके हैं। मकान, दुकान, प्रतिष्ठान, स्कूलों से लेकर मंदिरों तक को चोर नहीं बख्श रहे। चोरी की बढ़ती वारदातों एवं बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से आम जनता में भय का माहौल बना हुआ है। मादक पदार्थों की अवैध बिक्री बेरोकटोक हो रही है। शिकायतों पर पुलिस कोई ठोकस कार्यवाही नहीं कर रही है। आलम यह है कि महिलाओं तक को शराब की अवैध बिकी के विरूद्ध सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

### अवैध कारोबार पर नियंत्रण जरूरी

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में चाहे खनिजों का अवैध उत्खनन हो या फिर मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, इन सब मामलों को संज्ञान में लेकर नवागत एसपी अभिनय विश्वकर्मा को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा जिससे न सिर्फ अराजक माहौल में सुधार हो बल्कि माफियाओं में कानून का भय हो और आम जनता में सुरक्षा की भावना हो।

### आम जनता में बढ़े भरोसा एवं अपराधियों में हो कानून का भय

माफियाओं, तस्करों, अपराधियों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही कर पुलिस अधीक्षक को आम जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों तक भरोसा जीतना बड़ी चुनौती होगी। पूर्व एसपी अभिजीत रंजन के कार्यकाल में न तो अपराधों पर नियंत्रण रहा न ही माफियाओं में कानून का भय। जिले का माहौल ऐसा रहा कि जिसकी लाठी उसकी भैंस।

### पुलिस के विरोध में जनप्रतिनिधियों को भी सड़क पर उतरना पड़ा

जिले में लगातार बढ़ते क्राइम एवं अप्रिय वारदातों पर अंकुश लगाने में पुलिस को कोई खास कामयाबी नहीं मिली। रंगदारी, अवैध उत्खनन, गुण्डागर्दी हो चाहे लूट, चोरी व शराब का अवैध कारोबार इन सबसे परेशान नागरिकों की शिकायतों पर जब कोई खास कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं की गई तो जनप्रतिनिधियों तक मामले पहुंचे। माधवनगर क्षेत्र में व्यापारी पर कातिलाना हमला एवं अवैध उत्खनन के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित एवं ठोस कार्यवाही नहीं करने पर मुड़वारा विधायक को सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ा। मामले ने जब तूल पकड़ा तब कहीं जाकर पुलिस की नींद टूटी और कार्यवाही हुई। कुल मिलाकर पुलिस महकमा ने अपराधों के नियंत्रण एवं अपराधियों पर कार्यवाही करने के मामले में ऐसा प्रदर्शन किया जिससे उसकी साख पर बट्टा लगा दिया।

*ग्राम स्तर पर पहुंचकर कलेक्टर सुन रहे लोगों की समस्याएं*

# ग्राम पंचायत अंतर्वेद में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में गुरुवार 5 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा आयोजन

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में गुरूवार 5 जून को पहली लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में गुरूवार 12 जून को दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 19 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में, गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके अलावा गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### कलेक्टर ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत बुधवार 4 मई को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस , स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया।

# नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 10 जून तक होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में 29 मई को केन्द्रीयकृत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को अशासकीय विद्यालय आवंटित किये गये हैं। आवेदकों को आवंटन संबंधी सूचना केन्द्र ने एसएमएस के माध्यम से प्रेषित की है।

### पहले कर लें सुनिश्चित

आवेदक अशासकीय विद्यालयों के आवंटन की स्थिति, आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध ऑप्शन से देख सकते हैं। पालकों से कहा गया है कि अशासकीय स्कूल का आवंटन होने की स्थिति में आवेदक आवेदन में दर्ज रजिस्टर्ड मोबाइल तथा बच्चे का फोटो आवश्यक दस्तावेज की एक प्रति छात्र को साथ लेकर अशासकीय स्कूल में जाये। निर्देश में कहा गया है कि पालक एडमिशन के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि वह अपने बच्चे को आवंटित स्कूल में ही प्रवेश कराना चाहते हैं, तभी प्रवेश की प्रक्रिया के लिये संबंधित स्कूल को ओटीपी प्रदान करें। संबंधित स्कूल द्वारा ओटीपी दर्ज करने के बाद ही स्कूल में नि:शुल्क प्रवेश सुनिश्चित होगा। पालकों को सचेत किया गया है कि एक बार प्रवेश के बाद पालक को किसी अन्य अशासकीय शाला में शिक्षा का अधिनियम के तहत नि:शुल्क प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

अशासकीय स्कूल में प्रवेश 10 जून, तक ही हो सकेगा। नियत तिथि के बाद आवंटन-पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगा। पालकों को यह जानकारी भी दी गयी है कि एक बार प्रवेश लेने के बाद भविष्य में स्कूल परिवर्तन नहीं हो सकेगा। इस संबंध में अशासकीय स्कूलों को भी निर्देश जारी किये गये हैं। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को आवंटन एवं प्रवेश की रिपोर्ट की समीक्षा प्रतिदिन करने के लिये कहा गया है। यदि किसी पालक द्वारा उनके बच्चे का स्कूल में सीट आवंटन के बाद संबंधित स्कूल द्वारा आवंटित विद्यार्थी को प्रवेश देने से मना करने की शिकायत मिलती है तो डीपीसी द्वारा तत्काल कलेक्टर के माध्यम से संबंधित स्कूल के विरुद्ध वैधानिक करवाई जायेगी।

*बारिश का मौसम शुरू होते ही बढ़ जात हैं सर्प दंश की घटनाएं*

# सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़े, करायें इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिलेवासियों विशेष कर ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों से आग्रह किया है कि इन दिनों तेज गर्मियों की वजह से सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने की घटनाओं के मद्देनजर इनके काटने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल मे पीड़ति को पहुंचाने और झाड़-फूक में व्यर्थ समय नहीं गंवाने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने कहा है कि अस्पताल ले जाने पर और समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन लगने से सर्पदंश पीड़ति की जान बचाई जा सकती है।

कलेक्टर श्री यादव ने वर्तमान मे तेज गर्मी और इसके बाद बारिश शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्पदंश की अधिक होने वाली घटनाओं के मद्देनजर सावधानी बतौर नागरिकों से अपील की है कि सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर मे नहीं पड़ें, बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करने का लोगों से आग्रह किया है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा है कि सांप के काटने पर झाड़-फूक से नहीं बल्कि एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता है । इसलिए सर्पदंश पीड़ति को यदि समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

सांप काटने के केस ग्रामीण क्षेत्र से अधिक आते है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन की तरह ही जीव जंतु भी अधिक परेशान है। वे अपने बिलों से बाहर निकलते है और खेतों आदि में काम करने वाले लोग अनजाने में सर्पदंश का शिकार बन जाते है।

### जल्द अस्पताल पहुंचे

सांप अगर काट ले तो बिल्कुल भी देर नहीं करे और ना घबरायें। कोशिश करें कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे। सांप कांटने वाली जगह पर किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। उस जगह को कपड़े से भी न बांधे और न ही सांप के जहर को मुंह से बाहर निकालें।

विशेषज्ञ चिकित्सकों के मुताबिक काटने वाले सभी सांप विषैले नहीं होते है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को घबराना नहीं चाहिए। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते है। जबकि गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते है। परंतु ये निशान दिखाई नहीं देते है। इसलिए सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है। सांप के काटने पर करीब- करीब 95 प्रतिशत मामलों मे पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ ही निगलने या सांस लेने मे तकलीफ होती है। आमतौर पर सांप काटने के आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते है।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागों को व्यवस्थाएं करने सौंपे दायित्व

# विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को जिले में होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार 5 जून को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित संबंधित विभागों को ग्राम सभाओं के व्यवस्थित आयोजन के दायित्व भी सौंपे है। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग को निर्देशित किया है कि ग्राम सभा में ग्राम पंचायतों के पेंशन प्राप्त कर रहे मृत पेंशनर की जानकारी प्राप्त की जाकर वाचन कर पेंशन पोर्टल से नाम हटाने की कार्यवाही करें। एवं मृत पेंशनरों की बैंक खातों में मृत्यु पश्चात की जमा पेंशन राशि को राज्य नोडल पेंशन बैंक खाता में जमा करवाये।

विभाग अंतर्गत संचालित 6 पेंशन योजनाओं में लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आधार ई-केवायसी कराये जाने का विशेष रूप से वाचन किया जाये एवं पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को पात्रता व अपात्रता के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार स्वीकृत किया जाकर वाचन करने के निर्देश दिए है। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 की जानकारी प्रदाय करने और नशामुक्त अभियान अंतर्गत, ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायतों को नशामुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा मे कार्य करने निर्देशित किया है।

उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उन्हे समाज में समानता और पूर्ण सहभागिता हेतु स्वीकार कराना एवं ग्राम स्तर पर निवासरत उभयलिंगी व्यक्ति (ट्रांसजेण्डर) के प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र बनवाये सहित आयुष्मान कार्ड बनवाने और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उभयलिंगी व्यक्तियों को राशन उपलब्ध कराया जाना/समस्त विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभांवित किये जाने पर ग्राम सभा के चर्चा करने के निर्देश दिए गया ।

ग्राम सभा में जन-आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करना और सरपंच तथा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में वृक्षारापेण कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए गये है। साथ ही जन समुदाय को वृक्षों के महत्व की जानकारी उपलब्ध कराने, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पंचायत के सहयोग से शुद्ध पेय जल एवं शौचालयों की अनुपलब्धता होने पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना ।

### महिला एवं बाल विकास विभाग

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नहीं किये जाने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने एवं जिला स्तरीय वन स्टॉफ सेंटर एवं आजीविका मिशन द्वारा संचालित विकासखण्ड स्तरीय लोक अधिकारी केन्द्र की जानकारी देने कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है।

ग्राम में छूटे हुए पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेशन कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेशन का वाचन तथा सत्यापन, ग्रामों में गठित स्व-सहायता समूह के परिवारों में गैर कृषि उद्यम विकास को आजीविका को स्त्रोत के रूप में विकसित करना, ग्रामों में स्व-सहायता समूह से जुडी महिलाओं को प्राकृतिक एवं जैविक खेती से जोड़ते हुए रासायनिक उर्वरक के उपयोग में कमी लाने एवं ग्राम अथवा क्षेत्र की पारंपरिक कला, शिल्प की पहचान कर आजीविका संवर्धन के रूप में कार्य किये जाने पर ग्राम सभा में चर्चा की जाए।

# 22.50 लाख से पंचायतों में कराएं जाएंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 15वें वित्त आयोग मद से जिले के रीठी विकासखंड में 6 निर्माण कार्य पूर्ण कराने 22 लाख 50 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है। जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक रीठी विकासखंड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत करहियाकला-2 में 5 लाख रुपये, ग्राम पंचायत सिमडारी में 7 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। जबकि नाली निर्माण के लिए क्रमशः ग्राम पंचायत सुगवा में 1.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मुहास में 5.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत इमलाज में 2 लाख रुपए, ग्राम पंचायत जमुनिया में 1.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि प्रथम किश्त के रूप में प्रदाय राशि का उपयोग कर लिये जाने पर द्वितीय किश्त के मांग पत्र के साथ कार्यस्थल के 4 फोटोग्राफ्स एवं क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा माप पुस्तिका की अभिप्रमाणित छायाप्रति, प्रशासकीय स्वीकृति आदेश की छायाप्रति तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र जो कि उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुत करने पर द्वितीय किश्त जारी होगी।

## खबर संक्षेप



### पड़रिया खुर्द में डेढ़ महीने से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

**ढीमरखेड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ रही है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। उमरियापान के समीपी ग्राम पड़रिया खुर्द में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर कभी भी कभार हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की बिजली कब गुल हो जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। गांव में लगा बिजली ट्रांसफार्मर बीते डेढ़ महीने से खराब पड़ा है। कभी बिजली गुल तो कभी चालू हो जाती है। रात के समय तो ग्रामीणों की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। शाम के समय से ट्रांसफार्मर अक्सर खराब हो जाता है। ट्रांसफार्मर में आग जलने लगती है। तार भी जल जाती है। बिजली गुल होने की जानकारी देने के बाद कोई भी जिम्मेदार गांव नहीं पहुँचता हैं। ग्रामीणों को खुद बिजली जोड़नी पड़ती है। ग्रामीणों ने अनेकों दफा ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से किया, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाले को दबोचा

**उमरियापान।** उमरियापान पुलिस ने पिपरिया सहलावन में अवैध शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपी के पास से शराब जब्त करते हुए कार्रवाई किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पिपरिया सहलावन में रमेश नामदेव (58) शराब की बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहा था।सूचना पर पहुची पुलिस ने खाकी कार्टून से 43 पाव देशी शराब जब्त किया है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 5 हजार रुपये हैं।

### डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** प्रदेश के समस्त शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है। योग्य अभ्यर्थी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश के लिये पंजीयन कर सकते हैं। इन संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की बेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि इन संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम की नियत सीटों पर प्रवेश, अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं में प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट अनुसार शासन द्वारा आरक्षण संबंधी जारी निर्देशों के तहत किये जायेंगे। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थी 11 जून से 16 जून के मध्य उन्हें आंवटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

झंडा बाजार, गोलबाजार, सिल्वर टॉकीज रोड सहित अन्य मार्गों में हाल बेहाल

# सड़क पर फैला रहे दुकानों की सामग्री जाम के कारण पैदल आवागमन कठिन

शहर में सुगम यातायात के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। फुटपाथ पर ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है लेकिन स्थायी दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री सड़क पर फैलाने वालों के विरूद्ध कोई सख्त कार्यवाही नहीं हो रही है। नगर के मुख्य मार्गों के अलावा बाजार क्षेत्र में इस कदर अस्थायी अतिक्रमण फैला है कि वाहन चालकों के साथ पैदल निकलना में भी परेशानी होती है। मुख्य मार्गों में अस्थायी अतिक्रमण के साथ पार्किंग भी समस्या बनी हुई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के अति व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में दुकानों की सामग्री सड़क में फैला देने से न सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। नगर के झंडा बाजार, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज मार्ग, सब्जी मंडी पहुंच मार्ग ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां दिन भर भारी दवाब बना रहता है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां सबसे ज्यादा खरीदारी के लिए लोग पहुंचते हैं। लेकिन इन मार्गों में बेतरतीब पार्किंग, अस्थायी अतिक्रमण मुख्य वजह बना हुआ है जिससे लोग परेशान होते हैं।

### मुख्य मार्गों तक में मुसीबत

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी। नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किंग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है। फुटपाथ पर अस्थायी अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही के नाम पर कभी कभार दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग नहीं सुधर रहे हैं। फुटपाथ पर अतिक्रमण कर कारोबार करने वालों पर सख्त कार्यवाही नहीं होने से शहर में सुगम यातायात दिवा स्वप्न साबित हो रहा है।



# किसानों को नई तकनीक योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत उमरियापान,पचपेढ़ी और बम्हनी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती ,उन्नत कृषि के अलावा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डा. आर के मिश्रा, डा. अर्चना , कृषि विस्तार अधिकारी आरएस श्याम, एव्हीएफओ विपिन पटेल, उधानिकी अधिकारी आरएम प्रजापति द्वारा किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि की उन्नत एवं नवीन तकनीकों तथा नवाचारों की जानकारी दी गई।किसानों को कम लागत में अधिक उपज लेने की तकनीकें बताई।पशु चिकित्सक ने पशुपालन से जुड़ी जानकारी दी।उन्होंने पशु बीमारियों की पहचान, इलाज और दूध उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए।शिविर में उपस्थित किसानों ने वैज्ञानिकों से खेती की समस्याओं पर सवाल पूछे।इस मौके पर सरपंच अटल ब्यौहार,शिवचरण पटेल, अनीता कोरी,राजा चौरसिया,राजेश ब्यौहार,शैलेंद्र पौराणिक, ज्ञानचंद चौरसिया,सुशील कोरी, एईओ स्नेहलता कोरचे, निशा सोलंकी,अश्वनी पटेल,सचिव सतीश गौतम, जीआरएस अतुल चौरसिया, आशीष नामदेव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।अभियान के तहत 6 जून को ग्राम पंचायत पोडीखुर्द, खंदवारा एवं पिपरिया शुक्ल में, 8 जून को देवरी बिछिया, सनकुई एवं अंतर्वेद में और 10 जून को ग्राम पंचायत भमका, परसेल एवं झिन्ना पिपरिया में जबकि 12 जून को ग्राम पंचायत सिलौडी, कछारगांव बडा एवं कचनारी में शिविर लगाए जाएंगे।

घंटाघर मार्ग चौड़ीकरण में नागरिकों ने दिया ननि प्रशासन को सहयोग

# 5 भू स्वामियों को महापौर ने दिए 16 लाख 84 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति राशि के चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य के साथ उक्त मार्ग का निर्माण कर नागरिकों को सुगम यातायात की व्यवस्था उपलब्ध कराने के कार्य के दौरान प्रभावित हुए 5 भू-स्वामियों को बुधवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, एवं निगम जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट मौजूदगी में उपयुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा 16 लाख 84 हजार 512 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि के चैक वितरित किये गए।

इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें कहा कि नगर विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम होती है। आप सभी लोगों नें आगे बढ़कर निगम प्रशासन का सहयोग दिया। नगर विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य में क्षेत्र के अन्य भू-स्वामियों का सहयोग भी नितांत आवश्यक है अतः क्षेत्र के अन्य रहवासियों को इस महत्वपूर्ण कार्य में स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग प्रदान करनें की बात कही ताकि शीघ्र ही एकसर्वसुविधायुक्त मार्ग का निर्माण हो सके। वहीं भू-स्वामियों द्वारा भी सुविधायुक्त मार्ग का निर्माण कराये जाने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मार्ग निर्माण होनें से सुगम यातायात के साथ ही व्यवसाय में भी सुधार होने की बात कही।

नगर निगम कार्यालय में बुधवार को जिन भूस्वामियों को क्षतिपूर्ति राशि के चैक का वितरण किया गया उनमें सुबोध बिलैया को (7 लाख 61 हजार 979 रुपये), श्री मेघराज खूबचंदानी को (1 लाख 59 हजार 160 रुपये), अखिलेश वर्मा को (1 लाख 43 हजार 942 रुपये), तुलसीदास अग्रवाल को (3 लाख 77 हजार 903 रुपये) सहित गोपाल महेश्वरी (2 लाख 41 हजार 528 रुपये) का नाम शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, उपयुक्त शैलेश गुप्ता मौजूद थे।

### खेत तालाब के निर्माण से दूर होगी सिंचाई की समस्या



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बदेरा की निवासी चुनुमानी भूमिया को खेत तालाब की स्वीकृति मिली है। मनरेगा योजनांतर्गत 1 लाख 47 हजार रूपये की लागत से बनने वाले इस खेत तालाब का निर्माण ग्राम पंचायत बदेरा के हितग्राही चुनुमानी के खेत में किया जा रहा है। खेत तालाब बनने से चुनुमानी का परिवार काफी खुश है। चुनुमानी बताती हैं कि पहले हम परंपरागत तरीके से खेती करते थे। इसके लिए मानसून पर निर्भर रहना पड़ता था। कम बारिश होने पर फसलों की सिंचाई की समस्या रहती थी। कई बार पानी के अभाव में फसल सूख जाया करती थी। आस-पास के किसानों से पानी क्रय कर सिंचाई करने से फसलों की लागत भी बढ़ जाती थी। ऐसी स्थिति में बमुश्किल से हमारा भरण-पोषण हो पाता था एवं छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी सोचना पड़ता था। खेत तालाब में जल संचय करने से न सिर्फ सिंचाई की समस्या खत्म होगी, बल्कि पानी की उपलब्धता होने से परंपरागत खेती के साथ-साथ अब हम सब्जियों का उत्पादन भी कर सकेंगे। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

# ईदुज्जुहा बकरीद पर निगम की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी 7 जून शनिवार को मुस्लिम समुदाय के ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व पर निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी करते हुए समुचित व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए सुधीर मिश्रा, प्र. कार्यपालन यंत्री को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं। आयुक्त श्री दुबे द्वारा सभी ईदगाह, मस्जिदों एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल हेतु टैंकरों से पानी की व्यवस्था एवं आवारा जानवरों पर नियंत्रण की कार्यवाही को समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सभी मस्जिदों एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने हेतु आदेश जैन-प्र. सहायक यंत्री, उपयंत्री श्रीमती मोना करेरा, एवं सुशील सोनी सुपरवाईजर को दायित्व सौंपे हैं। इसी क्रम में आवश्यक मरम्मत, गढ़डों के भराव कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने हेतु अनिल जायसवाल,सुनील सिंह, प्र. सहायक यंत्री एवं उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, जे.पी. बघेल, संजय मिश्रा, शैलेन्द्र प्यासी की ड्यूटी लगाई है।

समुचित साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, नालियों में कीटनाशक दवा,का छिड़काव कराये जाने हेतु श्री संजय सोनी, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी,क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी को एवं पेयजल सप्लाई अथवा टैंकरों से पेयजल व्यवस्थाओं हेतु उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव का दायित्व सौंपे गए हैं। सुचारू यातायात व्यवस्थाओं हेतु अतिक्रमण दस्ता के साथ पेट्रोलिंग कर सभी अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अतिक्रमण प्रभारी मानवेंद्र सिंह को दायित्व सौंपते हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को सौंपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। सुधीर मिश्रा, जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व अधिकारी को नगर निगम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को नियमित रूप से निरीक्षण करते हुये पूर्ण कराये जाने हेतु आदेशित किया है।

शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही

# सड़क किनारे भवन निर्माण सामग्री फैली, हादसे का बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी



सिलौंडी मुख्य मार्ग से होकर नेगाई जाने वाले मार्ग पर दिन भर वाहनों का आना-जाना बना रहता है लेकिन सिलौंडी बस स्टैंड से चंद कदम दूर बाजार की ओर रोड के दोनों किनारे पर गिटटी, रेत, गिट्टी के ढेर लगे रहते हैं। सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा है। निर्माण सामग्री सड़क किनारे फैली होने के चलते वाहन चालकों को परेशानी होती है। हैरानी तो इस बात की है कि इसी मार्ग से अधिकारी कर्मचारी निकलते हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। रोड पर रेट, गिट्टी के ढेर लगे ढेर होने से हादसे होने का खतरा बना रहता है। रेत गिट्टी में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। कई बार हादसे में लोग घायल भी हो चुके है। जिम्मेदार अधिकारी देखकर भी अनदेखी कर रहे हैं। सिलौंडी बस स्टैंड चौराहा से बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे मकान के सामने कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर कब्जा जमा कर दुकान खोल रखी थी। बीते दिनों नायब तहसीलदार ने जेसीबी मशीन लगाकर कब्जा हटवाया था तथा व्यक्तियों के हिदायत भी दी थी लेकिन तहसीलदार के आदेशों का असर अतिक्रमण हटाने वाले व्यक्तियों पर नहीं पड़ा और रोड के किनारे पुनः निर्माण सामग्री फैलाकर विक्रय किया जा रहा है।

बुधवार के दिन सिलौंडी मुख्य मार्ग में हाट बाजार लगता है बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहन के साथ बाजार आने जाने वाले राहगीर निकलते हैं बड़े वाहन निकालने पर जाम भी लग जाता है। रेत गिट्टी होने की वजह से कभी-कभी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं प्रशासन के जिम्मेदारी अधिकारियों को किसी भी दुर्घटना के पहले ही अवैध रूप से रेत गिट्टी का रखने वालो एवं अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करनी चाहिए ।

ग्राम पंचायत सिलौंडी ने मुख्य मार्ग के अतिक्रमण कारी को नोटिस भी दिया था जिसमें कई लोगो ने वाद विवाद भी किया था। अनाधिकृत रूप से रोड के सामग्री रखकर व्यापार करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने पर गुरेज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की सिलौंडी मुख्य मार्ग 50 फुट चौड़ा था परंतु अतिक्रमण होने के कारण सिर्फ 20 फुट चौड़ा शेष बचा है। ग्राम के वरिष्ठ लोगो ने बताया की पहले मुख्य बाजार में साप्ताहिक बाजार के लिए 3 एकड़ भूमि थी जिसको दबंगों ने कब्जे में कर लिया है। अनेक बार शिकायतों के बाद भी कोई करवाई नही हो रही है।

महापौर ने निगम अधिकारियों के साथ किया क्षेत्र का निरीक्षण

# बारिश में जलभराव की समस्या दूर करने प्रबंध करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वर्षा ऋतु के दौरान अत्यधिक वर्षा होने से नगर के संभावित जल भराव वाले स्थलों का बुधवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निर्माण अनुभाग के उपयंत्री और स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षकों की मौजूदगी में जायजा लेकर समय रहते जल निकासी के आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि समय रहते जलभराव वाले संभावित क्षेत्रों में कच्ची नालियों का निर्माण कर उन्हे मुख्य नालों से जोड़ दिया जायेगा जो काफी हद तक अतिवर्षा के दौरान जल भराव की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती रागिनी मनोज गुप्ता और सीमा श्रीवास्तव सहित क्षेत्रीय नागरिकों की भी मौजूद रहीं।

### बारिश का पानी भर जाने से लोगों को होती है परेशानियां

महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय नागरिको के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की शिव धाम कालोनी के पीछे एवं राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित साईं पुरम कालोनी, पवनपुरी कॉलोनी आदि स्थलों का निरीक्षण करते हुए आस पास होने वाले संभावित जलभराव की स्थिति की जानकारी नागरिकों से ली। बताया गया कि नाले का रास्ता बंद कर दिये जाने के कारण विगत वर्ष अतिवर्षा के दौरान उक्त स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में तीन से चार फिट तक वर्षा जल एकत्रित हो जाने से नागरिकों को मुसीबतों का समना करना पड़ा था। जिसपर महापौर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व संवेदनशील जलभराव वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर जे.सी.बी मशीन से कच्ची नाली का निर्माण करें एवं आवश्यकतानुसार डोले आदि का प्रयोग कर मुख्य नालों से जोडते हुए जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के निर्देश दिए।

### जलभराव वाले संभावित स्थिति का आंकलन कर सफाई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्थलों में संभावित जलभराव की स्थिति का आकलन किया जाकर नाला-नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं तकनीकी उपायों की समयबद्ध पूर्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी संज्ञान में लिया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा सहित स्थानीय नागरिकगण राजेश मिश्रा, संजय वैश्य सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

### सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो शिफ्ट में चलाया अभियान

**कटनी।** नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों व डिवाइडर की सफाई कराकर नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा दो शिफ्ट में नगर की सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है। इसके साथ ही वार्डो में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण कार्य भी नियमित रूप से किया जाकर शहर हो साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि आगामी बकरीद पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श कॉलोनी ईदगाह परिसर सहित नगर के अन्य ईदगाह मस्जिद स्थलों के आसपास सफाई का कार्य कराया गया। वहीं नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत बुधवार को नगर के मुख्य मार्गो स्टेशन रोड, शंकर टॉकीज रोड, सुभाष चौक, मिशन चौक, चांडक चौक, नदी पार मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, बस स्टैंड परिसर, मुक्तिधाम परिसर मिशन चौक ओव्हर ब्रिज, गोल बाजार, झंडा बाजार, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, सेल्फी प्वाइंट, माधवनगर उप कार्यालय,रैन बसेरा सहित नगर के विभिन्न वार्डों के मुख्य एवं अन्य मार्गों की सफाई कराई जाकर कचरे का संग्रहण कार्य किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण आज

**कटनी** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को कटाएघाट अमकुही स्थित फिल्टर प्लांट में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त नीलेश दुबे सहित मेयर इन काउंसिल सदस्यों,पार्षदों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में पौधारोपण कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा भी ली जाएगी ।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत दमोह जिला प्रदेश में प्रथम

**दमोह।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (PMFME) के तहत दमोह जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इस संबंध में कमिश्नर उद्यानिकी एवं फूड प्रोसेसिंग प्रीति मैथिल नायक ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा है कि इसी तरह आगामी वर्ष भी लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने में सहयोग किया जाए। ज्ञात हो, कि दमोह जिला को 160 लक्ष्य के विरुद्ध 194 प्रकरणों की स्वीकृति प्रदान की गई है जिनमें अधिकांश का वितरण हो गया है कलेक्टर श्री कोचर ने लीड बैंक प्रबंधक नरेंद्र सोनी एवं उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक यश कुमार सिंह सहित सभी संबंधित बैंक अधिकारियों को बधाई दी है।

### मॉकपोल आज

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार पंचायत निर्वाचन संपन्न कराये जाने के पूर्व मॉकपोल (क्षद्म मतदान) का आयोजन 05 जून 2025 को जनपद पंचायत हटा के जनपद सदस्य्य क्षेत्र क्रमांक 16 के ग्राम पंचायत गैसाबाद, गरेह, बलेह के 5 मतदान केंद्रों में उपनिर्वाचन पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा उक्त मतदान वास्तविक मतदान ना होकर, पेपरलेस मतदान की तैयारी के लिए क्षद्म रूप से आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जनपद हटा में एसडीएम हटा की अध्यक्षता में निर्वाचन दलों को प्रशिक्षण दिया गया।

## पुलिस की उदासीनता के चलते नगर में जहां तहां शराबखोरी

# शाम ढलते ही मैदानों व सड़क किनारे सज जाती है शराबियों की महफिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में आम स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस की उदासीनता व सख्ती न होने के कारण पियक्कड़ शाम ढलते ही हटा नगर के मैदानों शासकीय कार्यालयों के प्रांगण सहित आसपास के क्षेत्रों को जाने वाली सड़क के किनारे बोतल खोलकर अपनी महफिल सजा लेते हैं और यह क्रम रोजाना देर रात तक चलता रहता है। हरिभूमि प्रतिनिधि द्वारा देर शाम रनेह रोड, रुसल्ली रोड, घुराघाट पुल, चंडी जी के पीछे मंदिर से जाने वाले मानपुरा देवरी रोड इसके अलावा दमोह पन्ना मुख्य मार्ग एवं पटेरा रोड के साथ कृषि उपज मंडी प्रांगण बीटीआई ग्राउंड एवं बस स्टैंड के समीप संचालित महिला बाल विकास कार्यालय, यहां तक कि गौरीशंकर मंदिर के बाहर बनी यज्ञशाला प्रांगण में जाकर देखा तो इन जगहों पर रंगीन मोबाइल के उजाले में महफिलें सजी हुई थी इसके अलावा रोड किनारे खुले में बैठकर प्लास्टिक के गिलास में देसी व अंग्रेजी शराब के पेक लगाते हुए कई जगह देखे गए। वहीं शराबियों



द्वारा पीने के उपरांत यही पियक्कड़ शराबी शराब पीकर राहगीरों को परेशान करते नजर आते हैं इन के आतंक के डर से आए दिन गंभीर घटनाएं गाली गलौज लड़ाई झगड़े सामने आ रहे हैं इन शराबियों में अधिकांश युवा वर्ग होते हैं। यदि शाम ढलने के बाद 8 से 10 के बीच पुलिस इन रोडो व इन चयनित स्थानों पर पुलिस थोड़ी गस्त कर नजर डालें तो इन शराबियों की महफिलें बंद हो सकती हैं। लेकिन इन शराबियों पर पुलिस की नजरें नहीं पड़ने से शराबियों के आतंक आए दिन देखने को मिलते हैं। खुले में शराब पीने वालों से बात की कि तुम लोग खुले में यहां शराब क्यों पीते हो तो शराबियों का कहना है कि सरकार ने शराब दुकानें तो खुलवा दी लेकिन पीने के लिए अहाता बंद करवा दिए गए तो हम लोग कहां पिये।

## हाकी नोडल विद्यालय में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण जारी



**हिण्डोरिया।** हिंडोरिया हॉकी नोडल विद्यालय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में लड़का-लड़कियों को प्रति दिन सुबह 06 से 08 बजे तक लगातार ग्रीष्मकालीन हॉकी का प्रशिक्षण पूर्व हाकी खिलाड़ी अल्ताफ बाबू एवं खेल शिक्षक प्रीतम सिंह लोधी के व्दारा दिया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों को दमोह मुख्यालय पर स्थित स्टेडियम में भी ले जाकर एस्ट्रो टर्फ वाले मैदान में मुख्यालय की हाकी टीमों के साथ खिलाया जा रहा है साथ ही वहां बच्चों को जिला हाकी संघ के सचिव ललित नायक, राजेश सालो मन, भगवान सिंह,बाबू विजय सिंह, रियाजुददीन खान, तरुण नामदेव एवं अन्य बरिष्ठ खिलाडियों व्दारा सहयोग देते हुये खेल की बारीकियाँ एवं आधुनिक तकनीक से अवगत कराया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व हॉकी खिलाड़ी सुजात खान ने कहा कि हमें अपने खेलों की नगरी हिंडोरिया पर गर्व है। वर्तमान मे हाकी का खेल दमोह जिला मुख्यालय के अलावा यदि कहीं और खेला जा रहा है। या हाकी खेल जीवित है। तो वह है हमारा नगर हिंडोरिया। वरना यह खेल जिले से लगभग विलुप्त सा हो चुका है। नोडल हाकी विधालय के वाय.के. कोरी, प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग,क्रीडा.प्रकोष्ट पवन राय, आकाश जी सहित समस्त विधालय बच्चों प्रोत्साहित कर प्रशिक्षण मे उत्कृष्ट सहयोग दे रहा है।

## स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में समीक्षा बैठक का आयोजन

**पटेरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार विकासखंड पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला से सीएमएचओ डॉ मुकेश जैन के द्वारा स्वस्थ्यकृत मिशन, आयुष्मान कार्ड प्रगति, अनमोल पोर्टल पर पंजीयन की स्थिति, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन और फॉलोअप, बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में सीएचओ, एएनएम आशा सुपरवाइजर की उपस्थिति रही। संस्था से सीबीएमओ डॉ अशोक बरोनियां एवं बीपीएम द्वारा कम उपलब्धि वाले उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बैकलॉग जल्द पूरा करे।

## किसानों को दी उन्नत खेती की जानकारी

**तारादेही।** ग्राम पंचायत सारसबगली एवं कोटखेडा में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत क्रार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें दल प्रभारी डाक्टर बीएल साहू कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों का दल ग्राम पंचायत सारसबगली एवं कोरखेडा में पहुंचा। जहाँ विभिन्न योजनाएँ किसानों को बतलाई गई। नवीन तकनीक नवाचार एवं उन्नत खेती के तरीके बताए गए। किसानों के अनेक सवाल पूछे जिनका जबाव वैज्ञानिकों के द्वारा दिया गया एवं समस्याओ का समाधान किया गया। इस मोके पर वैज्ञानिक डाक्टर बीएल साहू केबीके दमोह, डाक्टर सोमनाथ सखटे जेएनकेब्हीब्ही जबलपुर के द्वारा दी गई। कृषि विभाग के ऐईओ वीरेन्द्र पटैल, उद्यानिकी विभाग से एमएल अहिरवार, परमसिंह पशुपालन विभाग, फसल बीमा से जिनेश जैन के द्वारा फसल बीमा के संबंध में जानकारी दी गई। अंगूरीबाई सरपंच सारसबंगली, संजय लोधी सरपंच कोटखेडा एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## फैटी लीवर डिसीज की की जा रही स्क्रीनिंग

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि लीवर संबंधी बीमारियों की जागरूकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए प्रदेशव्यापी स्वस्थ यकृत अभियान दमोह जिले में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर डिसीज को शुरूआती स्थिति में ही पहचान कर यथोचित उपचार हेतु 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरूष-महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा रही है। स्क्रीनिंग में उॅचाई, वजन, कमर की माप की गणना की जा रही है। फैटी लीवर के संभावित संदिग्ध श्रेणी के मरीजों की जानकारी संधारित की जा रही है। डॉ. जैन ने बताया कि संभावित संदिग्ध लोगों में चिकित्सकीय सलाह पर अन्य जांचों के माध्यम से फैटी लीवर होने की संभावनाओं का पता लगाया जायेगा। मिशन के तहत प्रारंभिक स्क्रीनिंग में मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बी.एम.आई., सी-बैक स्कोर एवं कमर का माप लिया जा रहा है। बी.एम.आई 23 से अधिक होने महिलाओं में कमर का माप 80 से.मी. एवं पुरूष में 90 से.मी. से अधिक पाये जाने पर आयुष्मान आरोग्यम मंदिर एवं पी.एच.सी. में चिकित्सक के पास जांच हेतु रेफर किया जायेगा।

## जनपद पटेरा सभागार मे हुआ कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे की मौजूदगी में जनपद पंचायत पटेरा के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई, जहां सरपंच, सचिव, संबंधित विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस दौरान लोगों की आम जनसमस्याओं के साथ-साथ मूलभूत जो समस्याएं हैं, उन पर भी बिंदुवार चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री फुलपगारे ने जानकारी देते हुए कहा वर्तमान में पानी से जुड़ी हुई यदि कोई समस्या होती है, तो सरपंच सचिव तुरंत उस पर निराकरण करें, जल गंगा संवर्धन के बारे में भी बिंदुवार चर्चा की गई, जिसमें आसपास पंचायत के अंतर्गत बावड़ी, तालाब यदि है, तो उनकी साफ सफाई, रखरखाव भी हमारा मूलभूत कर्तव्य है, पंचायत स्तर से जुड़ी हुई समस्या और सुझाव भी लिए गए साथ ही उन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पटेरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी हलदार मिश्रा, आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक नजीब अहमद खान, ग्राम पंचायत से सरपंच

## कलियुग मे धनवान व्यक्ति ही कुलीन, सदाचारी और सद्गुणी माना जायेगा : पं रवि शास्त्री

दमोह

***ग्राम पिपरोधा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि अक्सर देखने में यह आने लगा है कि आप बस धनवान बन जाओ नशा का कारोबार बेईमानी छल कपट करके चाहे कैसे भी हो रुपया पैसा कमाओ आपको समाज में पद प्रतिष्ठा प्राप्त होने लगेगी क्योंकि कलयुग में धनवान व्यक्ति कुलीन सदाचारी और सद्गुणी माना जाता है जो सबसे अधिक छल कपट करके रुपया कमाता है समाज में उसे सबसे अधिक सम्मान और सबसे आगें बैठाया जाता है चरित्रवान सत्कर्म करने वाले को लोग कमजोर समझने लगे हैं।***

*जबकि सत्य यही है की अंत समय में सत्कर्म करने वाला और चरित्रवान व्यक्ति ही टिकता है छल कपट और बेईमानी से कमाया हुआ धन शीघ्र ही नष्ट हो जाता है सदाचार एक व्यवहार है जो कई गुणों का समिश्रण है सौहार्द्र का त्याग का सत्य का उदारता का मृदुल व्यवहार का और विनम्रता जैसे कई गुणों का एक सदाचारी व्यक्ति ही ज्ञान का अनुभव कर सकता है सदाचारी व्यक्ति अपने सत्कर्मों से पृथ्वी को स्वर्ग बना सकता है परंतु सदाचारी बनना एक कठिन तपस्या के समान है सदाचारी बनने के लिए कोई एक ही गुण होना काफी नही होता है बल्कि अनेक गुणों को समिश्रित करके सदाचारी बना जा सकता है सदाचारी व्यक्ति में सत्य भाषण विनम्रता उदारता मृदुलता सहानुभूति सौहार्द्र शक्ति दृढ़ संकल्प त्याग और बलिदान के साथ साथ सज्जनता और परोपकार भी शामिल है जीवन में सुख और समृद्धि का आधार ही सदाचार है सद्गुण को परिभाषित करने का प्रयास करें एक सद्गुणी व्यक्ति वह होता है जो उन गुणों को प्रदर्शित करता है हालाँकि कुछ हद तक सद्गुण व्यक्तिपरक होता है आम तौर पर यह सिद्धांतबद्ध होने उन सिद्धांतों को बनाए रखने की ईमानदारी पर निर्भर करता है वे सिद्धांत ईमानदारी वफ़ादारी मदद करने की प्रवृत्ति उदारता सीधे सादेपन दूसरों की रक्षा साहस और अन्य जैसे गुण हो सकते हैं यह कहा जाना चाहिए कि अन्य नैतिक दृष्टिकोणों के तहत सद्गुणी व्यवहार बुद्धिमानी होती है अत्यधिक धनवान लोग अक्सर अहंकार से भर जाते हैं उन्हें लगता है कि उनका पैसा ही सब कुछ है और वे दूसरों से श्रेष्ठ हैं अहंकार बढ़ने से होने वाले शारीरिक मानसिक सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जरूर सोचें आपमें आपका दिया क्या है जो कुछ दिया माता पिता से लिया परिवार से समाज से लिया आपका अपना कुछ नहीं जो आपने खुद बनाया हो अगर बनाया भी है तो वो शक्ति वो योग्यता औरों में भी बहुतो में होती है आप अकेले ही नहींऔर अहंकार किस चीज का सुंदरता पैसे गाढ़ी बंगला पोस्ट का किस चीज का है वो सब चीजें तो नाशवान है आज आपकी कल किसी और की हो जाएंगी अहंकार के बारे में सोचना हो तो महाबली ज्ञानी चारो वेदों का ज्ञाता दस सिरो जितना ज्ञान सोने की लंका का राजा रावण के बारे में सोचो किस चीज की कमी थी लेकिन अहंकार ने सब कुछ नष्ट कर दिया.*

# पर्यावरण संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह स्थानीय शास.म.ल.बा.क.उ.मा.वि. दमोह में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पर्यावरणीय संगठन प्रयास पर्यावरण संस्था एवं विद्यालय के ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रयास पर्यावरण संस्था के संगठक डॉ.एल.सी.जैन एवं अध्यक्ष प्रयास के संरक्षक प्राचार्य पारस कुमार जैन थे। सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के पश्चात जल संरक्षण पर अपने विचार रखते हुये, डॉ. एल.सी. जैन ने कहा कि जल संरक्षण की समस्त योजनाओं को जन अभियान बनाया जाना चाहिए। पौधारोपण एवं हरियाली का महत्व बताते हुये पारस कुमार जैन ने कहा कि वर्षा काल प्रारंभ होते ही पौधारोपण की गतिविधियॉ प्रारंभ कर देना चाहिए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुये शाला के प्राचार्य



एवं प्रयास के सह संगठक डॉ. आलोक सोनवलकर ने सबका ध्यान पालीथीन और प्लास्टिक प्रदूषण की ओर दिलाया। और कहा कि पालीथीन वर्षो तक अपघटित नही होता। उन्होनें कहा अपने दुष्प्रभाव से पूरे पर्यावरण को प्रदूषित करता है। अतः पालीथीन और प्लास्टिक के प्रदूषण को यथासंभव बचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में आर.बी.सिंह, नरेन्द्र जैन, धर्मेन्द्र असाटी, डी.पी. सेन, दिलीप अहिरवाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रुति राजूपत शिक्षिका के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता आर.बी.सिंह ने किया। कार्यकम का समापन पर्यावरण की सामूहिक शपथ लेकर एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पथरिया विस में आधे से ज्यादा विभाग प्रभारियों के भरोसे

**पथरिया।** क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलने के बाद लगा क्षेत्रीय विधायक मंत्री होने से शायद अब कार्यालयों में कुछ परिवर्तन होगा और अधिकारी की पदस्थापना हो जाएगी लेकिन करीब 17 महीने बीतने को है फिर भी अनुविभाग मुख्यालय अंतर्गत आने वाले विभागों में प्रभारी अधिकारी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व पुलिस को छोड़कर वाकि तहसील कार्यालय में तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओं, एसडीओं, नगर परिषद सीएमओं,स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी सीबीएमओं, मंडी सचिव, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पथरिया को बटियागढ़ का अतिरिक्त प्रभार,विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय,उत्कृष्ट विद्यालय में प्रभारी कन्या उच्चतर माध्यमिक में वर्षो से प्राचार्य नही है कुल मिलाकर 80 प्रतिशत विभाग प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं शासन की तबादला नीति में सूची कितनी जारी हो पर पथरिया का नाम नही मिलता कारण जो भी हो पर जहां जो प्रभारी है उनकी कार्यकाल में ऐसा काम हों रहा कि जनप्रतिनिधियों की नजर में भी सब कुछ ठीक चल रहा है या फिर एडजस्ट करके चलना कहें कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलाव के बाद भी किसी विभाग में कोई बदलाव नही हुआ। सब कार्य चल रहें हैं अपने आप में एक चर्चा का विषय जरूर बना रहता है कि पहले जो अधिकारी रहें वही अब भी सत्ताधारी पार्टी के लिए अच्छा काम कर रहे होंगे हालांकि जितने भी प्रभारी अधिकारी हैं वह समय के हिसाब से अपना पाला बदल लेते हैं और अब वह नये जनप्रतिनिधि के कार्यालय में अपनी दस्तक दे रहे हैं कि जैसा भी हो पर बदलाव ना हो जाए पथरिया कि खासियत है कि जो भी अधिकारी कर्मचारी यहां पदस्थ हो जाए तो वह जाने का नाम नहीं लेता बदलें में कुछ भी कर लेंगे तबादला की सुनते ही चक्कर लगाने लगेंगे कि जैसे भी रूक जाए इसलिए 17 महीने बीत जाने के बाद भी कोई बदलाव की चर्चा तक नही हो रही है। मतलब जैसे पहले चलता रहा वैसे अब भी चलता रहेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस आजः आओ मिलकर धरा को बनाएं हरा भरा

# ग्लोबल वार्मिंग जैसे प्रभाव से बचने पर्यावरण संरक्षण जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

मनुष्य और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। पर्यावरण के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है आज 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है। आज हम सभी मिलकर धरा को हरा-भरा बनाने का प्रण लें। हालांकि जागरूकता के लिए आज जिलेभर में सामाजिक, पर्यावरण संरक्षण संस्थाओं विविध प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे यूथ का कहना है कि पृथ्वी पर दिन-प्रतिदिन पर्यावरण बदलता जा रहा है। इसका मुख्य कारण पर्यावरण में मानवीय हस्तक्षेप है। जिससे प्रदूषण फैल रहा है। जहरीली खेती, प्लास्टिक का इस्तेमाल, पेड़ को लगातार काटने से पर्यावरणीय तंत्र बिगड़ रहा है यदि ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभाव से बचना है, तो पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है।



अनुप्रिया रजक कहती हैं कि जल जंगल और जमीन, इन तीन तत्वों के बिना प्रकृति अधूरी है विश्व में सबसे समृद्ध देश वही हुए हैं, जहां यह तीनों तत्व प्रचुर मात्रा में हों हमारा देश जंगल, वन्य जीवों के लिए प्रसिद्ध है सम्पूर्ण विश्व में बड़े ही विचित्र तथा आकर्षक वन्य जीव पाए जाते हैं। हमारे देश में भी वन्य जीवों की विभिन्न और विचित्र प्रजातियां पाई जाती हैं इन सभी वन्य जीवों के विषय में ज्ञान प्राप्त करना केवल कौतूहल की दृष्टि से ही आवश्यक नहीं है।

**-अनुप्रिया रजक**



समाजसेवी मनीष मोदी कहते हैं कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर एक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। प्राकृतिक जल स्त्रोतों से लेकर वनों की सुरक्षा सभी का दायित्व होना चाहिए। नागरिक नदियों पर जाएं तो वहां गंदगी न फैलाएं और अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उस पौधे के वृक्ष बनने तक उसकी देखरेख करें। नदियों के संरक्षण के लिए भी पौधरोपण बेहद जरूरी है, क्योंकि वृक्ष नदियों का कटाव रोकने में मददगार होते हैं।

**-मनीष मोदी**



शुभम जैन कहते हैं हम अपने जिले दमोह की ही बात करें तो यहां कार, स्कूटर, बस इत्यादी जैसे परिवहन हमारी रोज की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। जबकि उक्त वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण की वजह बनता है। इससे बचने के लिए यदि हम सप्ताह में कुछ दिन भी यदि गाडियों के इस्तेमाल से बचें। खुद की कार या बाइक से ट्रैवल करने के बजाए साइकिल से सफर करें तो बहुत हद तक प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है।

**-शुभम जैन**



गुड़िया ठाकुर कहती हैं कि पॉलिथीन का इस्तेमाल हमारे वातावरण के लिए काफी हानिकारक है फिर भी दैनिक जीवन में न जाने कितने प्रकार से इसका हम उपयोग कर रहे हैं। आज सब्जी- भाजी, दूध, चाय से लेकर कोई भी बाजार से खरीदकर लाते तो पॉलिथीन बैग का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि हमें अपनी पृथ्वी को सुरक्षित और संरक्षित रखना है तो स्वयं के स्तर पर पॉलिथीन का उपयोग बंद करना पड़ेगा और जब भी बाजार से सामान खरीदने जाएं।

**-गुड़िया ठाकुर**



मनीष साहू कहते हैं कि पहले के जमाने में कांसे और पीतल के बर्तनों का लोग इस्तेमाल करते थे। लेकिन आधुनिक की अंधी दौड़ में लोगों ने प्लास्टिक का बेजा उपयोग प्रारंभ कर दिया जो हमारी धरती के लिए खतरा बना गया है। अमूमन देखा गया है कि पर्यटन स्थलों में भी अक्सर खाने-पीने का सामान और डिस्पोजल प्लेट, ग्लास ले जाते है. इसके इस्तेमाल के बाद उसे वहीं पर फेंक देते हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है।

**-मनीष साहू**




पर्यावरण प्रेमी डॉ आर आर बागरी सीबीएमओ ने बताया कि रैनी सीजन में अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनके बड़े होने तक देखभाल करें। वृक्ष से हमें कई फायदे हैं। जीवन के जरूरी ऑक्सीजन मिलती है। मिट्टी के कटाव को रोकता है और उसकी जड़े मिट्टी को बांधे रखती है। भूजल के स्तर को बढ़ाता है तापमान को नियंत्रित करता है। विभिन्न रोगों के लिए तने पत्तियों से दवाइयां बनती है। वन्य जीवों और पक्षियों का घर यानी आश्रय स्थल पेड़ रहे हैं।

**-डॉ आर आर बागरी सीबीएमओ स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा**




सेवानिवृत्त एसडीओ बीएल साहू कहते हैं कि पौधारोपण काफी जरूरी है ताकि शहर की आबोहवा अच्छी बनी रहे। जिले में पर्यावरण को लेकर काफी जागरूकता है हर साल बड़ी संख्या में पौधरोपण होता है पौधों को लगाने से लेकर बड़े होने तक ध्यान दिया जाता है।

**-बीएल साहू सेवानिवृत्त एसडीओ**



नीरज चौबे कहते हैं कि कोरोना काल में हमने ऑक्सीजन की महत्वता समझी थी इसके बाद पौधों और वृक्षों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। अब लोग अपने घरों में भी पौधरोपण कर रहे हैं। खासकर नीम, गिलोय आदि का रोपण लोगों के द्वारा किया जा रहा है।

**- नीरज चौबे**



उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक कुमार दुबे कहते हैं कि समय-समय पर रोपणियों में तैयार पौधों का रोपण मानसून के समय कराया जाता है हमारी प्राथमिकता पौधरोपण तक ही नहीं है बल्कि उनके पेड़ बनने तक हम प्रयास करते हैं। जिले में पौधरोपण की स्थिति काफी अच्छी है।

**-प्रतीक कुमार दुबे, उप वनमंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा**



दीपक विश्वकर्मा कहते हैं कि पौधों की महत्वता से इंकार नहीं किया जा सकता है हमारे जिले में बड़ी संख्या में जंगल और वृक्ष हैं विभिन्न समाजसेवियों और संगठनों के द्वारा भी लगातार पौधरोपण किया जाता है। जिसका परिणाम है कि जिले का पर्यावरण दूसरे जिलों की अपेक्षा काफी अच्छा है।

**-दीपक विश्वकर्मा**

## उर्दू विद्यालय में औषधि पौधा भेंट कर मनाई वैवाहिक वर्षगाँठ

दमोह। शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में पदस्थ हिन्दी भाषा विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक रशीद खान ने अपनी वैवाहिक वर्षगाँठ को अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने स्कूल के लिए एक औषधि पौधा गमला सहित स्कूल भेंट किया। प्रभारी प्राचार्य नाजिर खान एवं समस्त स्टाफ ने इस सार्थक पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के लिए इस प्रकार के कार्य निरंतर किए जाना चाहिए। समस्त स्टाफ ने रशीद खान को बधाई प्रेषित की।

**खबर संक्षेप**

## सुषमा जैन को मिली पीएचडी की उपाधि



**दमोह।** ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल से शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की उपाधि दमोह जिले की सुषमा जैन ने प्राप्त की । यह संपूर्ण कार्य डॉ मंजू अग्निहोत्री के निर्देशन में पूर्ण किया इस कार्य को पूर्ण करने में डॉक्टर सतीश अग्निहोत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सुषमा जैन डॉक्टर विजय लाल स्मृति महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने माता-पिता एवं परिवारजन को दिया।इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर वंदना चरण एवं महाविद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां दी।

## गायत्री महामंत्र का सामूहिक और मौन अखंड जप

**दमोह।** गायत्री जयंती, गंगा दशहरा 5 जून, गुरुवार को गायत्री शक्ति पीठ, टंडन बगीचा,दमोह में प्रतिवर्षानुसार प्रातः 6 बजे से सांय 6 बजे तक विश्व शांति के लिए गायत्री महामंत्र का सामूहिक और मौन अखंड जप होगा। जप की पूर्णाहुति के रूप में 108 दीपों से दीप यज्ञ के माध्यम से इस पुण्य अवसर की व्याख्या के पश्चात प्रसाद वितरण होगा। दैनिक यज्ञ प्रातः 7-30 से 8-30 तक होगा। सभी सनातनी भाई बहिनें सादर आमंत्रित है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम-बम्हौरी में क्षेत्र के किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

# किसानों और वैज्ञानिकों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री की अभिनव पहल -सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हौरी बांदकपुर में उन्नत खेती और विकसित भारत के लिए किसानों से संवाद कार्यक्रम सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा किसानों और वैज्ञानिकों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की यह एक अभिनव पहल है, वैज्ञानिक सर्वे करके अपनी रिपोर्ट देंगे, उस रिपोर्ट के आधार पर किसानों के लिए आगे योजनाएं बनाई जाएंगे। उन्होंने कहा कल विश्व पर्यावरण दिवस है, पिछले वर्ष एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रारंभ किया गया था, कल से एक पेड़ मां के नाम अभियान का पुनः शुभारंभ होगा। अगले डेढ़ महीने तक अधिक से अधिक पेड़ लगाने का काम करें, जितना ज्यादा पेड़ लगेंगे उतने ज्यादा हरियाली होगी अच्छे तरीके से प्रकति का संतुलन बना रहेगा।




सांसद राहुल सिंह ने कहा विकसित भारत कैसे बनेगा इस बात की चिंता मोदी जी को थी जिसको देखते हुए लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को कृषि मंत्रालय दिया गया। मोदी सरकार का कार्यकाल का 01 वर्ष पूर्ण होने वाला है, इस पूर्ण हो चुके वर्ष में चिंतन-मनन करके शिवराज जी ने मोदी जी के मार्गदर्शन में विकसित कृषि संकल्प अभियान बनाया है। किसान जब तक समृद्ध, उन्नत नहीं होगा तब तक विकसित भारत की कल्पना करना असंभव है। पूरे भारत देश में 16000 वैज्ञानिक है जिनके मार्गदर्शन में टीमें बनाई गई है, लगभग 700 जिलों में जिनको बांटा गया है, खंडवार तरीके से 29 मई से लेकर 12 जून तक सारे वैज्ञानिक आपके गांव जाएंगे और आपसे चर्चा करेंगे। उन्होंने आगे ऑपरेशन सिंदूर में महिला अधिकारियों का पराक्रम और सेना का शौर्य तथा मोदी जी के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा यह सेना के शौर्य और पराक्रम को दर्शाता है, आने वाले समय में महिलाओं के लिए लोकसभा में भी 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने वाला है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कमल सिंह ठाकुर, श्रीमती नर्मदा सिंह एकता, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री धर्मेंद्र पटेल, जनपद सदस्य श्री पप्पू ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेयी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, हाकम सिंह लोधी, राजकुमार जैन, अखिलेश हजारी, सभी कृषि वैज्ञानिक व जिला कृषि विभाग अधिकारीयों, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान भाइयों की उपस्थिति रही।

मारपीट में दोनो पक्षों के 7 घायल, एक महिला जबलपुर रिफर

# बंटवारे के विवाद में भाई ने भाई के घर में लगाई आग, गृहस्थी जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तारादेही थाना के अंतर्गत ग्राम समनापुर में परिवार में बंटवारे को लेकर विवाद हो गया है और विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने दूसरे भाई के घर में आग लगा दी। इसके अलावा मारपीट होने के कारण दोनो परिवार के 7 लोग घायल हो गए जिसमें एक महिला को जबलपुर रेफर किए जाने सहित घर में आग लगने से लगभग 20 लाख का नुकसान बताया जा रहा है हालांकि तेंदूखेड़ा फायर वाहन को सूचना दी गई थी लेकिन फायर वाहन के पहुंचने से पहले ग्रहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया था प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपचंद पिता पूरन पाल 50 एवं नन्हेलाल पिता पूरन पाल 45 ये दोनों सगे भाई है। लेकिन जमीन बंटवारे को लेकर एक साल से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर बुधवार की दोपहर में लगभग एक बजे दोनों भाई में विवाद बढ़ गया। दीपचंद ने आरोप लगया है कि मेरे घर में नन्हेलाल के परिवार ने आग लगा दी जिससे ग्रहस्थी का सामान उड़द 8 क्विटंल, 16 क्विटंल गेंहू, 5 क्विंटल चावल, 50 हजार नगद, एक मोटर साईकिल, जेवर के साथ साथ सम्पूर्ण घर जलकर खाक हो गया है। इसके अलावा मारपीट में धमेन्द्र पिता दीपचंद पाल 26, दीपचंद पिता पूरन पाल, सकुन पति दीपचंद एवं दूसरे पक्ष के गोविन्द पिता नन्हेलाल 24, आनंद पिता नन्हेलाल 18, नन्हेलाल पिता पूरनपाल 45 इसके अलावा दोनो भाईयो के पिता पूरन पाल 80 को भी चोटे आई है। जिसमें से गम्भीर हालत होने के कारण सकुन पति दीपचंद को जबलपुर मेडीकल कालेज रिफर किया गया है बाकी सभी घायलो का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। इस संबंध में तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहां है कि एमएलसी के अनुसार दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया जाएंगा।

## 2 वर्षो बाद भी नहीं बन पाई संजीवनी अस्पताल

**पथरिया।** नगरीय निकाय क्षेत्र में शासन द्वारा करीब 25 लाख रुपए की लागत से संजीवनी अस्पताल वार्ड नं 14 में बनाई जा रही है जिसकी निमार्ण एजेंसी नगर परिषद पथरिया है जिसको करीब 2 वर्ष से ज्यादा समय हो गया लेकिन अभी संजीवनी अस्पताल बनकर तैयार नही हो पाई ठेकेदार द्वारा निमार्ण कार्य शुरू किया लेकिन वर्तमान में निमार्ण कार्य बंद है शासन द्वारा आम जनता की सुविधाओं के लिए यह अस्पताल स्वीकृत की लेकिन आखिर क्या कारण है कि यह अस्पताल समय सीमा में बनकर तैयार नही हो पा रही है।

# टाइगर रिजर्व के गैलीलियो की दूरबीन वाली पैनी नजर, कई शिकारियों को पहुंचाया जेल

### बड़े कमाल का है टाइगर रिजर्व का गैलीलियो, नाम से थर थर कांपते हैं तस्कर

**तेन्दूखेड़ा।** जिले की सीमा में फैले प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही टाइगर) पर शिकारियों और तस्करों की हमेशा निगाह बनी रहती है.3 जिलों में फैले टाइगर रिजर्व की सुरक्षा के लिए वैसे तो कर्मचारियों-अधिकारियों का बहुत बड़ा अमला है, लेकिन इन शिकारियों और तस्करों को सबसे ज्यादा डर गैलीलियो के नाम से लगता है. गैलीलियो, वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व का खोजी कुत्ता है, जो 2020 से रखवाली की जिम्मेदारी संभाल रहा है. अब तक शिकार और तस्करी से जुड़े 51 केस हल कर चुका है।

### कौन है गैलीलियो

गैलीलियो, बेल्जियन मेलिनोइस नस्ल का स्निफर डॉग है इस नस्ल की उत्पत्ति बेल्जियम में हुई है. इस नस्ल की खास पहचान ये है कि ये डॉग होशियार होने के साथ काफी उर्जावान होते हैं और इंसानों से इनका जुड़ाव शानदार होता है. करीब 2 फीट ऊंचाई वाले ये कुत्ते मजबूत और मांसल देह वाले होते हैं. इसको आसानी से प्रशिक्षित किया जा सकता है. इनका प्रयोग सेना, पुलिस और अब वन विभाग में बड़े पैमाने पर हो रहा है। गैलीलियो का जन्म 17 मार्च 2017 में हुआ था. पहले इसकी तैनाती मुरैना के चंबल घड़ियाल सेंचुरी में थी, 2020 में इसकी तैनाती नौरादेही में की गयी थी. गैलीलियो अब तक 51 वन्य अपराध से जुड़े प्रकरणों को सुलझा चुका है और इसकी वजह से अब तक 91 वन्य अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचे हैं. इसके प्रशिक्षक प्रीतम अहिरवार बताते हैं कि ये काफी चुस्त, फुर्तीले और सक्रिय होते हैं, पलक झपकते ही अपने लक्ष्य पर पहुंच जाते हैं।

### टाइगर रिजर्व की कैसे करता है सुरक्षा

नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ए ए अंसारी बताते हैं कि कि ₹हमारा डॉग स्क्वाड गैलिलियो काफी एक्टिव है और हमारे ट्रेनर भी उसके साथ काफी मेहनत करते हैं हम लोगों ने टाइगर रिजर्व की सुरक्षा के लिए एक रोस्टर तैयार किया है, उसके तहत अलग-अलग डिवीजन में गैलीलियो की गश्त कराते हैं. कभी-कभी शिकारी जंगली सुअर या हिरण का शिकार करने के लिए फंदे लगाते हैं वहां गैलीलियो को भेजा जाता है। टाइगर रिजर्व में जो संवेदनशील जगहें हैं, अक्सर वहां पर गैलीलियो की गश्त कराई जाती है. उसने एक तेंदुए और एक भालू के शिकार का खुलासा करवाया था. इसके साथ ही दमोह में काले हिरण का शिकार किया गया था. गैलीलियो ने उसका भी खुलासा किया था।



### गैलीलियो की ट्रेनिंग

इस प्रकार के खोजी कुत्तों की ट्रेनिंग काफी महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि इनको प्रशिक्षण के माध्यम से ही ये सब सिखाया जाता है. गैलीलियो की बात करें, तो इसकी सूंघने की क्षमता और ट्रेनर के कमांड पर रिएक्शन करने की पकड़ शानदार है. कुत्ते को रेगुलर एक्सरसाइज कराने के साथ-साथ नियमित रूप से स्मैल की ट्रेनिंग दी जाती है. इसकी सूंघने की क्षमता को और विकसित करने के लिए रोजाना अलग-अलग चीजें सुंघाई जाती हैं. ताकि हर तरह के अपराध की जांच कर सके।

### इस खोजी कुत्ते की क्या है डाइट

वन मुख्यालय भोपाल की विशेषज्ञों की टीम ने गैलिलियों की डाइट तय की है. उसी डाइट के अनुसार प्रदेश के सभी 16 डॉग स्क्वायड की उसी के अनुसार भोजन पानी दिया जाता है. इसकी डाइट पर हर महीने 40-50 हजार रुपए खत्म होते हैं. गैलीलियो स्वस्थ रहे और किसी बीमारी का शिकार न हो, इसके लिए जरूरी है कि वैक्सीनेशन और स्वास्थ्य का भरपूर ध्यान रखा जाए. खासकर यहां तापमान ज्यादा होने के कारण उसके स्वास्थ्य का ध्यान विशेष रूप से रखना पड़ता है. रहने के लिए एक कैनल की व्यवस्था की जाती है. साथ में इसके मूवमेंट के लिए एक वाहन भी होता है।

# अलग अलग मामलों में चार की मौत, पुलिस कर रही जांच

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत व नगर सहित अलग अलग घटनाक्रम चार मामले सामने आए हैं इन सभी घटनाक्रम में चार लोगों की मौत हो जाने सहित पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

पहला मामला नगर के वार्ड क्रमांक 2 से सामने आया है जहां पर सोमवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति की ट्रैन से कटने से मौत हो गई है घटना की जानकारी लेने पर पता चला कि रोहिणी केवट उर्फ (मीना) का शव जबलपुर के गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पड़ा है घटना के परिजनों ने बताया वह शुक्रवार से घर से लापता था और सोमवार की रात रोहिणी केवट का शव जबलपुर गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर मिला है जहां ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई है घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम कार्रवाई के शव को तेंदूखेड़ा लाया गया जहां पर परिजनों अंतिम संस्कार किया गया तेंदूखेड़ा व रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है

### ट्रक की टक्कर से मौत

दूसरा मामला तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सहजपुर से सामने आया है जहां पर बीते दिनों एक बाइक सवार दो युवकों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी जहां दोनों युवकों को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था और यहां से जबलपुर रेफर किया गया था जहां सोमवार को इलाज के दौरान मोहित पिता बेनी चक्रवर्ती की मौत हो गई परिजन शव लेकर थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने समझाइश दी पुलिस ने बताया था कि युवक की मौत जबलपुर में हुई जहां पर मामला दर्ज हुआ है वहां से डायरी आने के बाद संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस

### मोबाइल चार्जर करते समय युवक को लगा करंट, मौत

तीसरा मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महगुवा कला से सामने आया है जहां पर एक युवक को मोबाइल चार्जर पर लगाते समय करंट लगने से उसकी मौत हो गई घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार विजय पिता हीरा सींग गौड़ उम्र 30 वर्ष निवासी महगुवा कला थाना तेन्दूखेड़ा है जहां मंगलवार की रात 9 बजे आसपास अपने ही घर पर लाइट के बोर्ड में मोबाइल चार्जर करने के लिए लगा रहा था उसी समय चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई परिजनों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम हुआ और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

### इलाज के दौरान मौत

चौथा मामला तारादेही थाना क्षेत्र ग्राम बोरिया से सामने आया है जहां पर सोमवार को सर्रा और तारादेही मार्ग पर मुलरा के बीच एक अज्ञात वाहन द्वारा बाइक सवार को टक्कर मारते हुए मौके से भाग गया था जहां घायल अवस्था में पड़े पप्पू बसोरी निवासी बोरिया को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया था लेकिन गंभीर हालत होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था जहां पर मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान पप्पू बसोरी की मौत हो गई बुधवार को बोरिया गांव में अंतिम संस्कार किया गया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मृतक बोरिया ग्राम पंचायत के सरपंच का बेटा है जो तारादेही तरफ से वापस आ रहा था और मुलरा गांव के समीप रास्ता में घायल अवस्था में पड़ा था जिसका मेडिकल कॉलेज रेफर इलाज चल रहा था तारादेही पुलिस द्वारा जांच की जा रही है

सब मिलकर हरियाली बढ़ायें, धरती को शुद्ध बनायें
विश्व पर्यावरण दिवस
समुदाय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करें: अपने पड़ोसियों को इकट्ठा करें और एक नजदीकी पार्क या खुली जगह में पेड़ लगाएं। पेड़ न केवल सौंदर्य की दृष्टि से अच्छे होते हैं, बल्कि स्थानीय वायु गुणवत्ता में सुधार करने और जानवरों के लिए आवास प्रदान करने में भी मदद करते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगाएं और पेड़ बचाएं इसमें ही है हम सबकी समझदारी मानव जीवन है खतरे में पर्यावरण सुरक्षा की लें जिम्मेदारी।
मनीष बागरी सीईओ जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा
एवं समस्त स्टाफ

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरी भरी धरती शुद्ध हवा और साफ पानी प्रकृति के साथ मिलकर लिखें नई कहानी....
नीरज पांडेय
वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़
सौजन्य से : वन परिक्षेत्र कार्यालय तेजगढ़

हरी भरी धरती, शुद्ध हवा और पानी, प्रकृति के साथ मिलकर लिखें नई कहानी
विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेघा पटेल
वन परिक्षेत्र अधिकारी तेंदूखेड़ा
सौजन्य से : वन परिक्षेत्र कार्यालय तेन्दूखेड़ा

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चलिए इस धरती को रहने योग्य बनाएं सभी मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाएं।
एच के राज
सहायक यंत्री
सौजन्य से : ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जपं तेंदूखेड़ा

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगाएं और पेड़ बचाएं- इसमें ही है हम सबकी समझदारी मानव जीवन है खतरे में पर्यावरण सुरक्षा की लें जिम्मेदारी।
राजीव पुरोहित
थाना प्रभारी तारादेही
एवं समस्त स्टाफ पुलिस थाना तारादेही जिला दमोह

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चलिए इस धरती को रहने योग्य बनाएं सभी मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाएं।
देवेंद्र कुमार गुर्जर
वन परिक्षेत्र अधिकारी तारादेही
सौजन्य से : वन परिक्षेत्र कार्यालय तारादेही दमोह

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पर्यावरण दिवस पर आइए हम सब मिलकर हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक हरी भरी प्रकृति के साथ मुस्कुराती धरती छोड़कर जाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प करें
रोहित यादव
आवास प्रभारी अधिकारी, ज पं तेंदूखेड़ा जिला दमोह

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पर्यावरण दिवस पर आइए हम सब मिलकर हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक हरी भरी और प्रकृति के साथ मुस्कुराती धरती छोड़कर जाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प करें
गेम सिंह मरावी उपयंत्री
सौजन्य से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ज पं तेन्दूखेड़ा जिला दमोह

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगाएं और पेड़ बचाएं इसमें ही है हम सबकी समझदारी,मानव जीवन है खतरे में पर्यावरण सुरक्षा की लें जिम्मेदारी।
सतीश मसीह
वन परिक्षेत्र अधिकारी, झलौन
एवं समस्त स्टाफ, वन परिक्षेत्र कार्यालय झलौन

ग्राम पंचायत बम्हौरी माल, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा
विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप मिश्रा सरपंच प्रतिनिधि बम्हौरी
प्रदीप मिश्रा सहायक सचिव बम्हौरी
सौजन्य से : एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बम्हौरी माल

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सांसें हो रही कम आओ पेड़ लगाएं
हम आज ही अपने नाम का एक पौधा लगाएं और आने वाले कल को खूबसूरत बनाएं।
दीपक विश्वकर्मा
शासकीय ठेकेदार तेंदूखेड़ा

सांसें हो रही कम आओ पेड़ लगाएं
हम आज ही अपने नाम का एक पौधा लगाएं और आने वाले कल को खूबसूरत बनाएं।
विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम जैन
भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तेंदूखेड़ा

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सांसें हो रही कम आओ पेड़ लगाएं
विशाल रजक पत्रकार, हरिभूमि प्रतिनिधि तेंदूखेड़ा
भागीरथ रजक अध्यक्ष, रजक समाज तेंदूखेड़ा
खबरो एवं विज्ञापन के लिये संपर्क करें - 9630278207,8305716788
सौजन्यः आयुष न्यूज एजेंसी तेंदूखेड़ा जिला दमोह

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सांसें हो रही कम आओ पेड़ लगाएं
बोरवेल, कुआं, तालाब खनन करवाने हेतु संपर्क करें
नीरज चौबे संचालक
मो. 9644444846
श्री गणेश बोरवेल्स एंड अर्थ मूवर्स तेंदूखेड़ा